समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# *मास्क लगाकर व सेनेटाईजर का उपयोग कर सुरक्षित रहें निगम आयुक्त श्री झारिया ने कर्मचारियों को दिये निर्देश*

रतलाम 16 अप्रैल । शहर में बढ़ते लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों के मद्देनजर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम सफाई कर्मचारियों में खासकर डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले सफाई कर्मचारियों को मास्क लगाने व सैनिटाइजर का उपयोग करने की हिदायत दी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने प्रातः 8:00 बजे निगम के फायर स्टेशन भवन समस्त उपस्थित कर्मचारियों को मास्क लगाने सैनिटाइजर का उपयोग करने तथा वाहनों में चढ़ने व उतरने के बाद में गाड़ी को भी सेनीटाइज करके ही रखने के निर्देश दिए वहीं वार्ड दरोगा एवं वार्ड के जो नियमित सफाई कर्मचारी हैं उनको भी उक्त निर्देश निगम आयुक्त द्वारा दिए गए साथ ही उन्होंने सर्जिकल मास्क पहले और उसके ऊपर एम 9 एम 5 मास्क लगाने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि है कर्मशाला विभाग के ड्रायवर, हैल्परों को सैनिटाइजर मास्क और ट्रिपल लेयर मास्क कर्मशाला विभाग दिये जायेंगे, आज जितनी संख्या में मास्क व सेनेटाईजर है वे प्राप्त कर लें शेष को कल उपलब्ध कराये जायेंगे। आपको नियमित गाड़ी में बैठने से पहले और गाड़ी से उतरने के बाद गाड़ी को भी सैनिटाइज करना है साथ ही अपने और अपने साथियों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि किसी भी आपदा की परिस्थिति में निगम के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कर्मचारी इस महामारी में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतें व अपने साथ अपने परिवार और समाज के जीवन को बचायें।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, श्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, निगम सचिव श्री जसवंत जोशी, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, श्री बी.एल. चावरे, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, सिद्धार्थ सोनी, ब्रजेश कुशवाह, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े, श्री किरण चौहान, सिटी मैनेजर श्री कपील मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, उद्यान निरीक्षक श्री अनिल पारा, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, दरोगा, सफाई संरक्षक, कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर आदि उपस्थित थे।

# *अखिलेश निमावत सेवा से बर्खास्त*

रतलाम 16 अप्रैल । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के प्रकाश विभाग में कार्यरत स्थायीकर्मी अखिलेश निमावत द्वारा वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दिये गये आदेशों की अवहेलना करने, कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने, अनुशासनहीनता करने पर सेवा से बर्खास्त किया।

# गंदगी करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम 16 अप्रैल। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार ऐसे व्यक्ति जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा कर रहे है उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।**

